काल

क्रिया के उस रूपांतर को काल कहते हैं जिससे उसके करने या होने के समय तथा उसकी पूर्ण अथवा अपूर्ण अवस्था का बोध होता है।

काल के तीन भेद है।

**भूतकाल** **वर्तमानकाल** **भविष्यकाल**

भूतकाल

जिससे क्रिया से कार्य की समाप्ति का बोध हो, उसे भूतकाल कहते है।

जैसे-: वह लिखता था।
वह लिख रहा था।
लड़का आया था।

भूतकाल के 6 भेद माने गये है।

सामान्य भूत-: जिससे भूतकाल की क्रिया के विशेष समय का ज्ञान न हो
या
क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय का निश्चित ज्ञान न हो, उसे सामान्य भूत कहते है।

जैसे-: मोहन आया। सीता गयी। विनीत ने पत्र लिखा
अमितोष ने खाना खाया।

नोट-: था, थी और थे का प्रयोग नही होगा क्योकि क्रिया के बीते समय का निश्चित ज्ञान नही हो पाता।

पूर्णभूत-: क्रिया के उस रूप को पूर्णभूत कहते है जिससे क्रिया की समाप्ति के समय का स्पष्ट बोध होता है कि क्रिया को समाप्त हुए काफी समय बीता है।

जैसे-: उसने मुन्ना को मारा था।
मैने उसे अपना पेन दिया था।

अपूर्णभूत-: इससे यह तो पता होता है कि क्रिया भूतकाल में हो रही थी किन्तु उसकी समाप्ति का पता नही चलता।

जैसे-: गीता,गीत गा रही थी।
आशीष सो रहा था।
अर्पित अपने गाँव जा रहा था।
अशोक खीर खा रहा था।

आसन्न भूत-: इससे क्रिया की समाप्ति निकटभूत में या तत्काल ही सूचित होती है।

जैसे-: रोहित बिहार से लौटा है।
मैने आम खाया है।
मै चला हूँ
कृषक ने खेत जोत लिया है।

संदिग्ध भूत-: क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय में कार्य के पूर्ण होने या न होने में संदेह होता है उसे संदिग्ध भूत कहते है।

जैसे-: तुमने गाया होगा।
माधुरी ने खाना खाया होगा।
माँ ने खाना बनाया होगा।

हेतुहेतुमद भूत-: इससे यह पता चलता है कि क्रिया भूतकाल में होने वाली थी, पर किसी कारणवश न हो सकी।

जैसे-: मुकेश आता तो मै चला जाता।
यदि मै समय पर स्टेशन पहुँचता तो गाड़ी में बैठ जाता।

1. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(क) उपलक्ष (ख) कुशाशन (ग) प्रशंसा (घ) दिपिका
उ. ग

2. वे अच्छी लड़कियाँ है वाक्य में विकारी विशेषण है-
(क) अच्छी (ख) लड़कियाँ (ग) वे (घ) हैं
उ. क

3. सुधामयी वात्सल्यमयी, तू प्रेममयी है वाक्य में विशेष्य है-
(क) सुधामयी (ख) वात्सल्यमयी (ग) प्रेममयी (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उ. घ

4. निम्नलिखित में से एक वाक्य शुद्ध है-
(क) चरखा कातना चाहिए।
(ख) उसने मुक्त हस्त से धन लुटाया।
(ग) हमारे यहाँ तरूण नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबन्ध है।
(घ) मुझसे यह काम सम्भव नहीं ।
उ. घ

5. 'गोत्र' शब्द का तद्भव रूप होगा।
(क) गोत (ख) वंश (ग) खानदान (घ) गोद
उ. क

6. निम्नलिखत में से कौन सा शब्द विशेषण है-
(क) उपार्जन (ख) उपनिवेश (ग) चक्षु (घ) घरेलू
उ. घ

7. निम्नलिखित में से विशेष्य एवं विशेषण की दृष्टि से एक युग्म गलत है-
(क) क्रोध - क्रुध्द (ख) आसक्ति - आसक्त
(ग) आकर्षण - आकृष्ट (घ) ईर्ष्या - उपेक्षा
उ. घ

8. 'कान के नीचे लटकता हुआ कोमण भाग' के लिए एक शब्द है-
(क) कर्णफूल (ख) कर्णभरण (ग) काकपाली (घ) कर्णपाली
उ. घ

9. 'उलहना' शब्द का तत्सम रूप होगा-
(क) ओरहन (ख) उपालंभ (ग) निदा (घ) झगड़ा करना
उ. ख

10. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है-
(क) राम और श्याम सम्बधी चर्चा
(ख) राम और श्याम से सम्बद्ध चर्चा
(ग) राम और श्याम विषयक चर्चा
(घ) राम और श्याम से सम्बन्धित चर्चा
उ. ख

11. जो पान करने योग्य नही है के लिए एक शब्द है-
(क) अपथ्य (ख) अभक्ष्य (ग) आगम्य (घ) अपेय
उ. घ

12. निम्नलिखित में विलोम की दृष्टि से सही युग्म है-
(क) विशेष-आशेष (ख) विपत्ति-आपत्ति
(ग) स्वतन्त्रता-स्वाधीनता (घ) वक्र-ऋजु
उ. घ

13. 'जिसका निवारण अत्यन्त कष्ट से किया जा सके' के लिए एक शब्द है-
(क) अनिवार (ख) निर्निवार (ग) दुर्निवार (घ) कुनिवार
उ. ग

14. निम्नलिखित में से कौन शब्द वर्तनी की दृष्टि से गलत है-
(क) पाँचवाँ (ख) गाँधी (ग) बाँस (घ) आंख
उ. घ

15. 'वर्तिका' शब्द का तद्भव रूप होगा-
(क) मातृका (ख) कृतिका (ग) वृहत (घ) बत्ती
उ. घ

CLICK ON THIS VIDEO